# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हरियाणा के पानीपत से करेंगे बीमा सखी योजना की शुरूआत, प्रदेश के नौ जिलों की बीमा सखी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में होगी शामिल।
- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल प्रयागराज और वाराणसी महाकुंभ में रेलवे की तैयारियों की समीक्षा की, कहा– महाकुंभ के लिए रेलवे ने किए हैं करीब पांच हजार करोड़ रुपए के कार्य ।
- कानपुर के रामा विश्विद्यालय में कल हुए दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री ने छात्र छात्राओं से एआई के जरिए गांवों तक टेली मेडिसिन सुविधा पहुंचाने की अपील की।
- बीती रात से कई जिलों में हो रही बारिश से बदलने लगा मौसम का मिजाज, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बढ़ेगी ठंड।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हरियाणा के पानीपत से महिला सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन को समर्पित 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ करेंगे। योजना के शुभारंभ के मौके पर प्रदेश के 9 जनपदों की बीमा सखी वर्चुअली शामिल होंगी। इनमें मेरठ, बरेली, अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर जिले शामिल हैं। पेश है एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम की यह पहल 18–70 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है जो दसवीं कक्षा पास हैं, उनको वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और वृत्तिका दी जाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तेरह दिसम्बर को प्रयागराज में प्रस्तावित दौरे से पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल प्रयागराज में महाकुंभ के लिए रेलवे की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मेला प्रशासन के अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक की। वहां के पांच रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले दो सालों में महाकुंभ के लिए करीब पांच हजार करोड़ रुपये के काम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के लिए तीन हजार स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस अवधि में कुल तेरह हजार ट्रेनें चलेंगी। महाकुंभ के लिए हर जगह खास कलर कोडिंग का इस्तेमाल किया गया है। अड़तालिस नए प्लेटफॉर्म और इक्कीस नए फुट ओवर ब्रिज बनाए गए हैं।

श्री वैष्णव ने बताया कि महाकुंभ और रेल यातायात की निगरानी के लिए मास्टर कंट्रोल रूम बनाया गया है। साथ ही प्रयागराज के हर रेलवे स्टेशन के फुटओवर ब्रिज पर यातायात के एकतरफा प्रवाह की व्यवस्था की गई है।

इससे पहले, रेल मंत्री कल वाराणसी रेलवे स्टेशन भी पहुंचे, जहां से उन्होंने ट्रेन की विंडो ट्रेलिंग के जरिए वाराणसी प्रयागराज रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया।

उन्होंने रेलवे द्वारा महाकुंभ को लेकर की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

***पवित्र महाकुंभ हमारी संस्कृति की बहुत बड़ी धरोहर है। हमारी संस्कृति का बहुत बड़ा एक महापर्व है इसके लिए रेलवे की तरफ से विस्तृत तैयारी की गई है। करीब पिछले तीन साल से तैयारी चल रही है और कई नए ब्रिज कई नए वेटिंग आरिया कई नए होल्डिंग आरिया कई।डबलिंग के काम स्टेशन के रिडेवलपमेंट के काम यार्ड के काम ये सारे काम कंप्लीट हुए है और इस बार जो आशा कर रहे हैं की चार जो बड़े स्नान वाले दिन है उन चारों दिन बड़ी संख्या में देश भर से भक्त आएँगे तो उनके लिए जो व्यवस्था है पूरी तरह से एक डिटेल्ड व्यवस्था की गई है।***

रेल मंत्री ने बताया कि अयोध्या से प्रयागराज तक श्रद्धालुओं के लिए रिंग ट्रेन की व्यवस्था की गई है। चारों रिंग रेल सेवाओं से श्रद्धालुओं के लिए दोनों शहरों तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ प्रयागराज दौरे पर आये रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने वाराणसी में आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि रेलवे महाकुंभ के लिए पिछली बार के मुकाबले ज्यादा ट्रेनें उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि वाराणसी–प्रयागराज रेल प्रखंड दोहरीकरण का काम पूरा हो गया है।

***वाराणसी से प्रयागराज तक पूर्वोत्तर रेलवे का जो डबलिंग है पूरा हो चुका है। एनआरआई का काम 9 तारीख से शुरू हो चुका है। 11 तारीख को सीआरएस द्वारा इसका निरीक्षण किया जाएगा। यही हमारा उद्देश्य है कि हम यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा दे पाये।***

**********

रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने सिद्धार्थनगर जिले के चिल्हिया रेलवे स्टेशन के मध्य समपार संख्या अट्ठावन पर कल रोड अंडर ब्रिज का भूमि पूजन किया । उन्होंने बढ़नी रेलवे स्टेशन पर बनाये गये कोचिंग डिपो का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर रेल राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के परिवर्तनकारी दशक ने भारतीय रेलवे में एक नई ऊर्जा जाग्रत की है। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में बढ़ता रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर रेल यात्रियों व रेल उपभोक्ताओं के लिए बहुत ही लाभदायी होगा। श्री सिंह ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर पहुंच कर गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन भी किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल कानपुर के रामा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने 80 विद्यार्थियों को स्वर्ण और 41 विद्यार्थियों को रजत पदक प्रदान किया। दीक्षांत समारोह में वर्ष दो हजार तेईस और वर्ष दो हजार चौबीस के कुल एक हजार नौ सौ पैंतिस छात्र–छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। इस दौरान राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति को मानद उपाधि भी प्रदान की गई।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई और तकनीक का इस्तेमाल करते हुए हम गांवों तक टेली मेडिसिन की सुविधा पहुंचा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि हम सभी के सामने सिर्फ एक लक्ष्य होना चाहिए और वह राष्ट्र धर्म है। इसके सामने हमारा व्यक्तिगत स्वार्थ कोई मायने नहीं रखता है। इस मौके पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी मौजूद रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में वय वंदन आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों से संवाद करेंगे और उन्हें कार्ड वितरित करेंगे। जिले के महंत दिग्विजयनाथ पार्क में वह करीब पांच हजार लाभार्थियों को संबोधित करेंगे। इस योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक के सभी बुजुर्गों को पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है।

**********

प्रदेश में कल से पल्स पोलियो अभियान शुरू हो गया । इसके तहत शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जा रही है। अलग अलग जिलों में वहां के जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों ने कल विभिन्न बूथों से बच्चों को दवा पिला कर अभियान की शुरूआत की। अभियान के दौरान पूरे प्रदेश में तीन करोड़ उन्तीस लाख बच्चों को दवा की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि पूरे देश से पोलियो का उन्मूलन हो चुका है,लेकिन वैश्विक स्तर पर अभी भी इसका खतरा बना हुआ है। पड़ोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान समेत कई अन्य देशों में भी इसके सक्रिय मामले मिलते रहे हैं। इसी वजह से अभी भी बच्चों को यह दवा पिलाना अनिवार्य है। यह अभियान एक सप्ताह चलेगा।

**********

प्रदेश के कई जिलों में कल शाम से लेकर आज सुबह तक हल्की बूंदाबांदी और बारिश होने से ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विज्ञान विभाग ने आज दिन में भी कई जिलों में हल्की वर्षा की संभावना जताई है, हालांकि कल से मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार कल से तीन दिनों तक देर रात और सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा। ग्यारह और बारह दिसम्बर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर शीतलहर चलने की भी संभावना जताई गई है।

**********

यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं प्रदेश में आठ हजार एक सौ चालीस केंद्रों पर आयोजित होंगी। कल इन केंद्रों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी।

**********

केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दो हजार चौबीस की घोषणा कर दी है। विभिन्न श्रेणियों के तहत पैंतालिस पुरस्कार विजेताओं में प्रदेश की दो पंचायतों को भी इसमें स्थान मिला है। इसमें बरेली जिले की भरतौल ग्राम पंचायत को दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार श्रेणी में और मुरादाबाद की मिलक अमवती ग्राम पंचायत को कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार श्रेणी में यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

**********